Social Justice Union Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 04 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 216

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 20 मई के बाद जारी होगा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट, सीबीएसई ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीबीएसई की तरफ से 10वीं और 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट 20 मई के बाद घोषित किया जाएगा। यह जानकारी सीबीएसई की तरफ से अपनी अधिकृत वेबसाइट पर दी गई है। सीबीएसई की तरफ से जानकारी देते हुए बच्चों और उनके अभिभावकों से अपील की गई है कि वे किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सचेत रहें। उल्लेखनीय है कि आज इस बात का दावा किया जा रहा था कि आज परिणाम जारी किया जा सकता है। सीबीएसई बोर्ड के आज के ऐलान के बाद 10वीं, 12वीं के 39 लाख स्टूडेंट्स का इंतजार फिलहाल बढ़ गया है।

### दिल्ली की तिहाड़ जेल में एक कैदी की हत्या, दो गुटों में हुई थी झड़प

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार को एक बंदी की हत्या कर दी गई। जेल में बंदियों के दो गुटों के बीच झड़प के दौरान घायल हुए बंदी की मौत हो गई। जेल सूत्रों के मुताबिक करीब 3 बजे जेल नंबर 3 में बंदियों के बीच झगड़ा हो गया था। लड़ाई इतनी बढ़ गई कि जेल में अलार्म बजाना पड़ा। लड़ाई में एक सेवादार कैदी की मौत हो गई। मृतक का नाम दीपक है, जिसकी उम्र 29 साल है और हत्या के केस में सजा काट रहा था। उस पर अब्दुल बशीर नाम के दूसरे बंदी ने हमला किया था।

### यूपी के बिजनौर में वाहन चोर गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार

**बिजनौर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की नजीबाबाद थाना पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मनीष कुमार और इकरामुद्दीन उर्फ इकराम के रूप में हुई है। दोनों वाहन चोरी कर नंबर प्लेट बदल देते थे और बेच देते थे। इनके कब्जे से चार बाइक बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बिजनौर के किरतपुर से चोरी की गई बाइक बेचने जा रहे थे, इसी दौरान उनकी गिरफ्तारी हो गई।

### महाराष्ट्र में शिवसेना नेता को लेने जा रहा हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**रायगढ़ (आरएनएस)।** एक चौंकाने वाली घटना में शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा एक निजी हेलीकॉप्टर लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अंधारे ने खुद लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग साझा की है। इसके मुताबिक, हेलिकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक लडख़ड़ा गया, संतुलन खो बैठा और फिर खुले मैदान में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर का पायलट कूदने में कामयाब रहा और बाल-बाल बच गया, लेकिन रायगढ़ के महाड शहर में हुई दुर्घटना में सफेद और नीले रंग का रोटरी-विंगर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और बचाव दल घटना की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अंधारे चुनाव प्रचार के लिए एक कार में रवाना हुई।

### झेलम एक्सप्रेस में बम की सूचना, एक व्यक्ति हिरासत में

**भोपाल (आरएनएस)।** पुणे से जम्मू तवी जाने वाली झेलम एक्सप्रेस में बम की सूचना पर गाड़ी को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर रोक कर सर्चिंग की गई। आरपीएफ ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, झेलम एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली थी। किसी यात्री ने सूचना दी कि गाड़ी के एस-9 कोच में संदिग्ध वस्तु रखी है। इस सूचना के आधार पर रानी कमलापति स्टेशन पर गाड़ी को रोका गया और आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने तलाशी ली। डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। ट्रेन के अंदर कुछ भी नहीं मिला। झेलम एक्सप्रेस की सर्चिंग में लगभग आधे घंटे का समय लगा और उसके बाद गाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया। आरपीएफ ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं बताई जा रही है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## हीटवेव, आंधी-तूफान, भारी बारिश... अगले तीन दिनों में देश में करवट बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली**



मई महीने की शुरुआत के साथ ही देश में लू का कहर लोगों को सताने लगा है। दिल्ली-एनसीआ समेत पूरे उत्तर भारत के लोगों को बारिश का इंतजार है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि देश के पूर्वी हिस्सों में अगले तीन दिनों तक लू का कहर जारी रहेगा। ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बिहार में तेज गर्मी पड़ने की संभावना है। तीन दिन के बाद आंधी-तूफान की वजह से राहत मिलने की उम्मीद है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक के अंदरूनी इलाकों और तमिलनाडु में अगले चार दिनों तक भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। दो दिनों के बाद अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार इस महीने देश के उत्तर- पश्चिम और पूर्वी क्षेत्रों में इस बार दोगुनी लू चलने की संभावना है। IMD के अनुसार हर साल मई में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, गंगीय पश्चिम बंगाल, बिहार और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में तीन दिन लू चलती थी लेकिन इस साल पांच से सात दिनों तक लू चलने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक एम महापात्र ने कहा बताया कि मई में आमतौर पर औसतन तीन हीटवेव वाले दिन होने की उम्मीद होती है लेकिन इस साल हीटवेव के दिनों की संख्या अधिक हो सकती है।

**देश के इन हिस्सों में लू का कहर ज्यादा रहेगा-** मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और गुजरात क्षेत्र में लगभग आठ से 11 दिन लू चलने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि उत्तर-पूर्व, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों और पूर्वोत्तर प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों को छोड़कर भारत के अधिकांश हिस्सों में सामान्य अधिकतम तापमान होने की संभावना है।

### म्यांमार में भीषण गर्मी से 50 से अधिक लोगों की मौत

**यांगून।** मध्य म्यामांर के मांडले में अप्रैल में भीषण गर्मी के कारण 50 से अधिक लोगों की मौत हो गयी। मणि साला बचाव संगठन के एक अधिकारी ने शुक्रवार बताया कि पीड़ितों में से लगभग 30 को पहले से ही गंभीर बीमारियां थीं। इनमें से अधिकतर की उम्र 50 से 90 वर्ष के बीच थी। इस साल, मार्च में लू की चपेट वाले लोगों की संख्या कुल आठ थी, जो अस्पताल में भर्ती थे, जबकि अप्रैल तक बढक़र 50 से अधिक हो गयी। देश के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग के अनुसार, मांडले में 28 अप्रैल को 77 वर्षों में सबसे अधिक गर्म दिन रिकॉर्ड किया गया। यहां का तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

## ब्राजील में आए भयंकर तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 29

**साओ पाउलो**



ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल में लगातार चार दिनों तक हुई भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के बाद आए भयंकर तूफान के चलते मरने वालों की संख्या 29 हो गई है।

गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने तूफान को राज्य के इतिहास की सबसे खराब प्राकृतिक आपदा बताते हुए कहा, दुर्भाग्य से, हम जानते हैं कि ये संख्या और बढ़ेगी।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने राज्य के सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में से एक सांता मारिया का दौरा किया और लेइट से मुलाकात की। लूला ने उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में आपातकाल से निपटने के लिए सहायता की पेशकश की।

राष्ट्रपति ने कहा, स्वास्थ्य देखभाल के लिए संघीय सरकार की ओर से मदद में कोई कमी नहीं आएगी, परिवहन और खाना आदि के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। हम चौबीसों घंटे प्रयास करेंगे, ताकि हम बारिश से फंसे लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकें।

भारी बारिश होने की भविष्यवाणी के साथ, राज्यपाल ने लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने और नागरिक सुरक्षा एजेंसी द्वारा पहचाने गए बाढ़ क्षेत्रों से दूर रहने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा, करीब 4,400 निवासियों को निकाला गया है, लेकिन हजारों लोग अपने बाढग्रस्त घरों से बचाए जाने का इंतजार कर रहे हैं।

नागरिक सुरक्षा बुलेटिन के अनुसार, प्राकृतिक आपदा से 154 शहर प्रभावित हुए हैं।

## मोबाइल टावर के उपकरण चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, इंजीनियर समेत कई गिरफ्तार

**गाजियाबाद । आरएनएस**

गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक इंजीनियर समेत 6 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

इनके पास से चार करोड़ रुपए का माल बरामद हुआ है। गिरोह गाजियाबाद, एनसीआर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में मोबाइल टावर से आरआरयू यूनिट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चुराते थे। इन लोगों को नंदग्राम थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से रिसीवर यूनिट, मोबाइल टावर की बैटरी सहित अन्य उपकरण बरामद किए गए।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अभियुक्त कैफ मलिक ने दो साल पहले बीए प्रथम वर्ष में पढ़ाई छोड़ दी थी। उसने पिता फुरकान मलिक के साथ मुस्तफाबाद दिल्ली स्थित कबाड़ की दुकान पर काम करना शुरू किया। वहां वह शोएब से मिला, जिसने उसे मोबाइल टावर के उपकरण बेचने को कहा। कैफ ने मार्केट में पता करके जावेद से संपर्क किया। इसके बाद आरोपियों ने गिरोह बनाया और घटना को अंजाम देना शुरू किया। पकड़ा गया दूसरा अभियुक्त सुमित कसाना से बीएस पास है। चार साल पुलिस भर्ती की तैयारी के बाद दिल्ली के क्लब में बाउंसर बन गया। क्लब में ही उसकी मुलाकात जावेद से हुई। जबकि, तीसरा अभियुक्त राहुल गोयल ने बीटेक (रूडक़ी) के बाद प्राइवेट जॉब किया। वर्तमान में वह सार टेली कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड में बतौर मैजेनर काम कर रहा है। यह कंपनी मोबाइल टावर मेंटनेंस का काम करती है। पिछले कुछ समय से उसने पश्चिमी बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान के ऑपरेशन और मेंटनेंस स्टाफ से मिलकर आरआरयू की चोरी कराकर सुहेल, जुबैर, वसीम, कैफ को दिया।

### डॉक्टरों ने दिया जीवनदान

## 10 घंटे की सर्जरी के बाद व्यक्ति की पीठ से निकाला 16.7 किलो का ट्यूमर

**गुरुग्राम । आरएनएस**

एक 27 वर्षीय व्यक्ति की पीठ से 16.7 किलोग्राम वजनी ट्यूमर को 10 घंटे तक चली सफल सर्जरी के बाद हटा दिया गया। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने कहा कि यह व्यक्ति 2008 से 58म50 सेंटीमीटर आकार के गैर-कैंसर वाले ट्यूमर से पीड़ित था।

एफएमआरआई के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ निदेशक निरंजन नाइक ने कहा, विशालकाय न्यूरोफाइब्रोमा एक प्रकार का परिधीय तंत्रिका ट्यूमर है, जो त्वचा पर या उसके नीचे नरम उभार बनाता है जो लंबी अवधि में धीरे-धीरे बहुत बड़े आकार तक बढ़ सकता है।



डॉक्टर ने कहा, जेनेटिक अब्नोर्मलिटी ऐसे ट्यूमर का कारण बनती हैं, जो रोगी के जीवन की गुणवत्ता में बाधा डाल सकती है, जिससे कॉस्मैटिक विकृति, असुविधा या दर्द और कभी-कभी घाव के कारण भारी रक्तस्राव हो सकता है। उन्होंने बताया कि ट्यूमर के आकार और मामले की जटिलता से जुड़े उच्च जोखिम कारणों से युवा रोगी को विभिन्न देशों के कई अस्पतालों ने सर्जरी के लिए मना कर दिया था।

निरंजन ने बताया, ट्यूमर की जगह पर कई रक्त वाहिकाएं थी। इस प्रकार इस सर्जरी के दौरान अनियंत्रित रक्तस्राव का एक उच्च जोखिम पैदा हो सकता था। इस जोखिम को कम करने के लिए, टीम ने दो प्रक्रियाओं के साथ उपचार शुरू किया, जिसने 11 महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध कर दिया।

निरंजन ने कहा कि ट्यूमर में कई बड़ी रक्त धमनियां थी, जो पूरी तरह से मरीज की पीठ पर फैली हुई थी। उनके शरीर का लगभग 18 प्रतिशत ऊपरी हिस्सा कवर किया हुआ था। सर्जरी के बाद इस क्षेत्र को कवर करने के लिए, डॉक्टरों ने दोनों जांघों की बजाय ट्यूमर से त्वचा का ही प्रयोग किया, क्योंकि यह एक गैर-कैंसर वाला ट्यूमर था। डॉक्टरों ने कहा, मरीज को केवल चार दिन में छुट्टी दे दी गई। यह ट्यूमर गैर-कैंसर था इसलिए मरीज अब रोग मुक्त है।

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से झटका, ईडी की कार्यवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**रांची । आरएनएस**

झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी है। इस याचिका पर हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। 66 दिन बाद कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया।

इस याचिका पर बहस के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा था। उन्होंने कहा कि यह शेड्यूल



ऑफेंस का केस नहीं है। हेमंत सोरेन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता। जिस साढ़े आठ एकड़ की विवादित जमीन को लेकर हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उसके किसी भी दस्तावेज में उनका नाम है ही नहीं। कुछ लोगों ने कह दिया कि यह जमीन हेमंत सोरेन की है और इसी पर विश्वास करते हुए ईडी जांच कर रही है। इस केस में सोरेन के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है।

दूसरी तरफ ईडी की ओर से पक्ष रखते हुए असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा था कि हेमंत सोरेन की इस याचिका को खारिज किया जाना चाहिए, क्योंकि उनके खिलाफ एजेंसी के पास पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने रांची के बडग़ाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन पर राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के सहयोग से कब्जा कर रखा था। इसपर बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी, जिसका नक्शा उनके करीबी विनोद सिंह ने हेमंत सोरेन को व्हाट्सएप पर शेयर भी किया था।

ईडी की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि कार्रवाई शुरू होने के बाद हेमंत सोरेन ने अपने पावर का इस्तेमाल कर जमीन कब्जे से संबंधित साक्ष्य भी नष्ट करने की कोशिश की। उन्हें ईडी ने 10 बार समन किया, लेकिन वे केवल दो बार उपस्थित हुए। कुल मिलाकर, हेमंत सोरेन के खिलाफ शेड्यूल ऑफेंस का मामला बनता है।

गौरतलब है कि सोरेन को विगत 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले में करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। सोरेन ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी एसएलपी दायर की है, जिस पर 29 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होनी है।

## अनियंत्रित होकर यात्री बस पहाड़ी से नीचे गिरी, 20 लोगों की मौत- 15 से अधिक घायल

**पेशावर**




उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक यात्री बस पहाड़ी इलाके से फिसलकर खड्ड (नाले) में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर हुई। बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। इस दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

अधिकारी ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि बस में कितने यात्री सवार थे। घटना में घायल हुए कम से कम 15 लोगों को चिलास के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं और शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सूत्र ने कहा कि मरने वालों की संख्या और बढऩे की आशंका है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना पर शोक व्यक्त किया और प्रशासन को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। गिल्टगिट-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने कहा कि दुर्घटना के बाद चिलास अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है।

## एमडब्ल्यूबी उत्तर भारत की अति महत्वपूर्ण बैठक हुई सम्पन्न, लिए कई बड़े फैसलें

**चंडीगढ़ । आरएनएस**

चंडीगढ़ में मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन कोर कमेटी की अति महत्वपूर्ण बैठक संस्था के उत्तर भारत अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। जिसमें संस्था ने कई अहम निर्णय लिए। धरणी ने वरिष्ठ साथियों संग सलाह मशवरा कर कई नियुक्तियां भी की। इस बैठक में उत्तर भारत के महासचिव सुरेंद्र मेहता तथा कोषाध्यक्ष तरुण कपूर भी शामिल हुए। धरणी ने जानकारी देते हुए बताया कि काफी लंबे समय से संस्था से जुड़े साथियों की वरिष्ठता- काबिलियत- क्षमता को जानने- समझने के बाद हमने संस्था में नई नियुक्तियां की हैं, उत्तर भारत की कोर टीम में नियुक्तियों के लिए हर क्षेत्र को हिस्सेदारी देने की कोशिश की गई है ताकि संस्था अपने से जुड़े हर साथी को सुरक्षा का आवरण प्रदान कर पाए। इस मौके पर संस्था के सदस्य साथियों ने अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी द्वारा पत्रकारों के कल्याण हेतु किए जा रहे प्रयासों का आभार जताया, वहीं धरणी ने सभी साथियों को विश्वास दिलाया कि संस्था पूरी ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता व निष्ठा भाव से पत्रकारों के हितों के प्रति समर्पित रहेगी।

**उत्तर भारत स्तर पर किसे मिली क्या जिम्मेदारी-** धरणी ने लिस्ट जारी करते हुए बताया कि उत्तर भारत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के तौर पर नरेश उप्पल, संजय भुटानी, भुवनेश् झंडई, बलजीत सिंह, उपाध्यक्ष के तौर पर नरेंद्र जग्गा (पँजाब), संजीव शर्मा(दिल्ली), कपिल चड्डा(चंडीगढ़), मीर आफताब(श्री नगर), विनोद खुंगर(कुरुक्षेत्र, हरियाणा) जिम्मेदारियां का निर्वहन करेंगे। सुरेंद्र मेहता संस्था के महासचिव हैं और रहेंगे। इसके साथ-साथ सह सचिव की जिम्मेदारी सुनील सरदाना और देवदास शारदा को सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष तरुण कपूर ही रहेंगे। मीडिया इंचार्ज दीपक मिगलानी होंगे तथा सुनील सरदाना को मीडिया क्वार्डिनेटर भी नियुक्त किया गया है। कानूनी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक शर्मा रहेंगे। संस्था के सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष अति वरिष्ठम पत्रकार ज्योति संग को बनाया गया है। मीडिया वेलबीनग एसोशिएशन उत्तर भारत मे जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष-मीर आफताब,हिमाचल के अध्यक्ष-विशाल सूद पँजाब के अध्यक्ष:सुमित खन्ना,बने है।पँजाब इकाई में प्रमुख सलाहकार नरेंद्र जग्गा होंगे।

**जिला अध्यक्ष और जिला संयोजक भी बनाए गए-** चंद्रशेखर धरणी ने बताया कि पानीपत से जिला अध्यक्ष के तौर पर विनोद लाहोट कार्य करते रहेंगे। साथ ही संस्था ने जिला संयोजक के रूप में वरिष्ठ पत्रकार मदन बरेजा जी की भी नियुक्ति की है। इसके साथ-साथ मदन बरेजा प्रदेश के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभालते रहेंगे। करनाल से के सी आर्य, कुरुक्षेत्र से पवन चोपड़ा, अंबाला से कृष्ण बाली, यमुनानगर से देवदास शारदा, सोनीपत से पवन परुथी, बहादुरगढ़ से प्रवीण मुदगिल, सिरसा से महिंदर जिलाध्यक्ष रहेंगे तथा सिरसा से जिला संयोजक पवन शर्मा रहेंगे। नूह से यूनुस अल्वी, पलवल से गुरुदत्त जिला अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह और जिला सयोंजक अनुराग शर्मा रहेंगे। रेवाड़ी से नरेंद्र वत्स, कैथल से राजीव परुथी, फतेहाबाद से मुकेश देवगन और पंचकूला से तारा ठाकुर जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं। इन नियुक्तियों के बाद चंद्रशेखर धरणी ने नई टीम को शुभकामनाएं दी तथा नियुक्तियां प्राप्त सभी साथियों ने अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी का तहदिल से आभार व्यक्त किया ।

**जिस उद्देश्य से संस्था का जन्म हुआ, उसके लिए लड़ाई लड़ती रहेगी संस्था: धरणी-** बता दे कि मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन लगातार पत्रकारों के कल्याण हेतु बड़े-बड़े फैसले लेती रही है। जब-जब पत्रकार साथी पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत आई है संस्था हमेशा अग्रिम पंक्ति में खडी नजर आई है। संस्था द्वारा अब तक अपने निजी कोष से लगभग 10 लाख रुपए की राशि पत्रकारों पर खर्च कर चुकी है। कई पत्रकार साथियों के इलाज में एक बड़ा योगदान संस्था द्वारा किया गया है। पत्रकार की मृत्यु उपरांत उनके परिवारों की मदद भी संस्था ने की है। संस्था अपने पत्रकार साथियों को एक सुरक्षा का आवरण प्रदान करना चाहती है। जिसे लेकर लगातार सरकार से तरह-तरह के मुद्दों पर कई मांग संस्था द्वारा की जाती रही है और मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन की कोशिशों और पहल के कारण प्रदेश सरकार ने अधिकतर मांगे पूरी भी की है।